# बाढ़-बारिश से आधे हिंदुस्तान में तबाही

- मुंबई से हिमाचल तक जन जीवन बेहाल
- दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब

**नई दिल्ली/ लखनऊ/ पटना/ मुंबई/चंडीगढ़, 24 जुलाई. देश के अधिकांश हिस्से इस समय भारी बारिश और बाढ़ की चपेट में हैं। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक, मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है.**

मौसम विभाग ने कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है.देश की राजधानी दिल्ली पर एक बार फिर बाढ़ का गंभीर खतरा मंडरा रहा है. हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और यह खतरे के निशान (205.33 मीटर) के करीब पहुंच गया है. बुधवार शाम 4 बजे यमुना का जलस्तर 204.13 मीटर दर्ज किया गया था. हालांकि, शाम को जलस्तर में कमी देखी गई, पर पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. हथिनीकुंड बैराज से बुधवार को 54,707 क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है. यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है. प्रशासन ने यमुना के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की है. हाथी घाट, एमनेस्टी बाजार, यमुना विहार, सोनिया विहार जैसे निचले इलाकों में पानी भरने का सबसे अधिक खतरा है.



**कोसी और गंगा का उफान बना बड़ा खतरा**

बिहार में भी बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है. कोसी नदी ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे उत्तर बिहार के बड़े हिस्से में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. गंगा और गंडक नदियां भी उफान पर हैं, जिससे कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त है .नेपाल में हुई भारी बारिश के बाद कोसी बैराज से पानी छोड़े जाने से कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है. वहीं महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी बारिश से लोगों का बुरा हाल है. सड़कों पर पानी भरा है जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है. वहीं, सोलापुर जिले में मूसलाधार बारिश ने कहर ढाया है.

> उत्तर प्रदेश में मौसम का अलग ही रूप देखने को मिल रहा है. मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण अगले तीन-चार दिनों तक उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है. पंजाब के मोगा जिले में भी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. मलियाना गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क टूट गई है ग्रामीणों ने बच्चों को टूटी सड़क से सुरक्षित पार कराने के लिए मानव पुल बनाया और प्रशासन से सड़क सुधारने की मांग की है.

# सहकारिता नीति अर्थतंत्र को करेगी मजबूत

**राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 के अनावरण पर बोले शाह**



**नई दिल्ली 24 जुलाई. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का अनावरण करने के बाद कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है और सहकारिता के मार्ग पर चलने से देश का अर्थतंत्र मजबूत होगा.**

शाह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की अनेक उपलब्धियां रही, लेकिन इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि आज देश की छोटी से छोटी सहकारी इकाई का सदस्य गर्व के साथ खड़ा हो गया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का शुभारंभ हुआ है. वर्ष 2002 में भारत सरकार ने सहकारिता नीति में बनायी थी उस समय भाजपा की सरकार थी और आज भाजपा सरकार द्वारा दूसरी सहकारिता नीति लाई गई है. उन्होंने कहा कि जो सरकार के दृष्टिकोण को, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी कारकों को समझता है, वही सहकारी क्षेत्र को महत्व दे सकता है. यदि देश और अर्थव्यवस्था की मूल इकाई समृद्धि रोजगार देने वाली हो तो वह आर्थिक मॉडल कभी विफल नहीं हो सकता.शाह ने कहा कि सहकारिता नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्र बिंदु व्यक्ति, गांव, कृषि, गाँव की महिलाएं, दलित, आदिवासी हों. इसका विज़न सहकारिता की समृद्धि के माध्यम से 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है.

इसका मिशन पेशेवर, पारदर्शी, तकनीकी, जिम्मेदार और आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा सफल लघु सहकारी इकाइयाँ विकसित करना है. हम हर गाँव में कम से कम एक सहकारी संस्था के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2027 में भारत को विश्व के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का लक्ष्य रखा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य तक जरुर पहुंच जाएंगे.

# धोखाधड़ी के 100 फीसदी सबूत- राहुल


**आरोप : नए मतदाता बनाए गए वृद्ध**

**चुनाव आयोग को बताया बेईमान**

**नई दिल्ली, भारत. कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा धोखाधड़ी की अनुमति देने के 100 प्रतिशत सबूत हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आयोग यह सोचता है कि वह इससे बच निकलेगा, तो यह उसकी गलतफहमी है.**

संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया, हमारे पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा धोखाधड़ी की अनुमति देने के 100 प्रतिशत ठोस सबूत हैं. 90 नहीं, पूरे 100 प्रतिशत. उन्होंने बताया पार्टी ने सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र की समीक्षा की है और उसमें हजारों संदिग्ध मतदाता मिले हैं जिनकी उम्र 50, 60 या 65 वर्ष है, लेकिन वे नए मतदाता के तौर पर दर्ज हैं.राहुल ने कहा कि ऐसा सिर्फ एक क्षेत्र में नहीं, बल्कि संभवत: हर निर्वाचन क्षेत्र में यह नाटक चल रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब ये सबूत सामने लाने का निर्णय ले चुकी है, तो वह पूरी तैयारी के साथ सामने आएगी.

> बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर पूछे गए सवाल पर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, यह बहुत ही गंभीर मामला है. चुनाव आयोग, भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है. आज उन्होंने जो बयान दिया, वह पूरी तरह बकवास है. सच यह है कि चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है. राहुल गांधी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे इससे बच निकलेंगे, तो आप गलतफहमी में हैं. हालांकि, राहुल गांधी ने उस निर्वाचन क्षेत्र का नाम उजागर नहीं किया जहाँ कथित गड़बड़ी का खुलासा हुआ है. लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी अब इस मामले को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाएगी.



## कर्नाटक में होगा नया जाति सर्वे

**नई दिल्ली,24 जुलाई.** कर्नाटक सरकार राज्य में एक नया जातिगत सर्वेक्षण कराने जा रही है, जिसे सामाजिक एवं शैक्षणिक सर्वेक्षण कहा जा रहा है. यह सर्वेक्षण 22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें राज्य की लगभग 7 करोड़ आबादी को शामिल किया जाएगा. सर्वेक्षण का उद्देश्य जातिगत भेदभाव को खत्म करना, आर्थिक और सामाजिक स्थिति की वास्तविक तस्वीर सामने लाना तथा आगामी बजट की नींव तैयार करना है. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस सर्वेक्षण की रूपरेखा तय की गई. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया जाएगा और किसी को भी इससे वंचित नहीं किया जाएगा.

# नकली कीटनाशकों पर चलेगा बड़ा एक्शन

- शिवराज सिंह ने दिए पारदर्शिता बढ़ाने के निर्देश
- कीटनाशक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होगी पारदर्शी





**नई दिल्ली, 24 जुलाई 2025, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक लेकर किसानों की भलाई के मद्देनजर कीटनाशकों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए.**

शिवराज सिंह ने कहा कि राज्यों में प्रवास के दौरान किसानों से शिकायत मिलती है कि कई बार नकली कीटनाशकों के कारण उनकी फसल खराब हो जाती है, नुकसान होता है, इनका समुचित निवारण करते हुए किसानों के हित में नकली- अधोमानक कीटनाशकों को बाजार में आने से पूरी तरह रोकना होगा. शिवराज सिंह स्पष्ट रूप से कहा कि नकली एवं अधोमानक कीटनाशक किसी भी हालत में बिकने नहीं पाएं. साथ ही, उन्होंने निर्देश दिए कि कीटनाशकों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पारदर्शी होना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे राज्य सरकारों के साथ मिलकर पूरे सिस्टम को मजबूत बनाएं.

कीटनाशकों के संबंध में कृषि भवन में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर सिंह ने कहा कि कीटनाशकों के पंजीयन की प्रक्रिया ऐसी होना चाहिए कि जिससे किसी को भी कृषि विभाग के चक्कर नहीं लगाना पड़े, ना ही कोई गड़बड़ी होने पाएं. प्रक्रिया के दौरान ट्रेकिंग की व्यवस्था भी हो.

> शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के हित में हमें विभिन्न स्तरों पर काम करना होगा. किसान हमारे लिए सर्वोपरि है, उनकी फसल नकली कीटनाशकों के कारण खराब नहीं होना चाहिए. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए सिंह ने कहा कि खेतों में फसलों में क्या-क्या परिवर्तन आ रहा है, यह नियमित रूप से देखते हुए किसानों को समुचित सलाह प्रभावी तरीके से तत्काल दी जाना चाहिए.

## एक नजर में



### अमेरिकी पोत को लेकर ईरान की चेतावनी

**तेहरान.** ईरानी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में अपने जल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे एक अमेरिकी पोत को गुरुवार को चेतावनी देते हुए उसे वापस जाने पर विवश कर दिया। 'तस्नीम' न्यूज एजेंसी के अनुसार युद्ध पोत यूएसएस फिट्जगेराल्ड को ईरानी नवसैना के एक हेलीकॉप्टर ने तब चेतावनी दी जब वह ईरानी जल क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था. ईरानी हेलीकॉप्टर ने अमेरिकी पोत को चेतावनी दी तो अमेरिकी पोत ने ईरानी हेलीकॉप्टर को क्षेत्र छोड़ कर चले जाने के लिए कहा. लेकिन ईरानी हेलीकॉप्टर ने दोबारा चेतावनी जारी की. इसके बाद अमेरिकी पोत ने अपनी दिशा बदल दी और क्षेत्र से दूर चला गया .अमेरिका की तरफ से फिलहाल कोई बयान नहीं आया है .यह घटना ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के बीच तनाव पहले से ही अधिक है. ईरान और इजरायल के बीच चले 12 दिनों के संघर्ष के बीच अमेरिका ने 22 जून को ईरान के कुछ परमाणु स्थलों पर हमला किया था.

### सूडान में आरएसएफ के हमले, 27 की मौत

**खार्तूम.** सूडान में पश्चिमी प्रांत कोर्डोफन के अल-नुहुद में अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स के हमले में कम से कम 27 नागरिकों की मौत हो गयी और 43 अन्य घायल हो गए .स्वयंसेवी समूह सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा, आरएसएफ ने अल-नुहुद शहर के समीप ब्रेमा राशिद गांव पर हमला किया. आरएसएफ की सशस्त्र इकाई ने निहत्थे नागरिकों पर उनके घरों के अंदर हिंसक हमला किया, जिसमें महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाया गया. हमले में 27 नागरिक मारे गए और 43 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

### प्लास्टिक का विकल्प बांस का मिश्रण विकसित

**गुवाहाटी.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने पर्यावरण-अनुकूल बांस का मिश्रण विकसित किया है जिसका उपयोग वाहनों के अंदरूनी हिस्सों में पारंपरिक प्लास्टिक के स्थान पर किया जा सकता है .इस मिश्रण को बनाने में प्रयुक्त बांस की प्रजाति, बंबूसा टुल्डा, पूर्वोत्तर भारत में तेजी से बढ़ने वाली बांस की प्रजाति है. शोधकर्ताओं ने बांस को पॉलिमर के साथ मिश्रित किया है जो जैविक रूप से विघटन-योग्य है .संबंधित शोध की नेतृत्वकर्ता मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रोफेसर डॉ. पूनम कुमारी ने कहा, उच्च क्षमता, तापीय स्थिरता, कम नमी अवशोषण और किफायत जैसे गुणों के कारण, विकसित मिश्रित पदार्थ वाहनों के अंदरूनी हिस्सों में उपयोग किए जाने वाले पारंपरिक प्लास्टिक का एक उपयुक्त विकल्प है. उन्होंने कहा कि यह शोध न केवल प्लास्टिक कचरे की समस्या का समाधान करता है, बल्कि हरित सामग्रियों, विशेष रूप से ऑटोमोटिव निर्माण उद्योगों में बढ़ती वैश्विक माँग का भी समाधान प्रदान करता है.

# भारत से बातचीत को तैयार - शरीफ

- ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 24 जुलाई. भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दो महीने बाद ही पाकिस्तान के सुर बदले-बदले से नजर आ रहे हैं. पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को एक बड़ा कूटनीतिक बयान दिया है. उन्होंने कहा कि उनका देश भारत के साथ सभी लंबित मुद्दों पर गंभीर और सार्थक वार्ता के लिए तैयार है.**

यह बयान ऐसे समय आया है, जब भारत ने दो महीने पहले ही पाकिस्तान नियंत्रित क्षेत्रों में मौजूद आतंकवादी ढांचों पर हवाई हमले किए थे. शहबाज शरीफ ने यह टिप्पणी ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट से मुलाकात के दौरान की. प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि इस मुलाकात में दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व की क्षेत्रीय स्थिति पर भी चर्चा हुई. यह बैठक पाकिस्तान की ओर से संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक संकेत के तौर पर देखी जा रही है. दूसरी ओर, भारत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है.

भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए केवल दो ही बिंदुओं को तय किया है- पहला, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) की वापसी, और दूसरा, सीमा पार आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा.

> बता दें कि 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने आतंकियों के ठिकानों पर हवाई हमला किया था. इस कार्रवाई के बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच भारी सैन्य तनाव बना रहा था, जिसके बाद 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी थी. भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बैठक में शहबाज शरीफ ने ब्रिटेन-पाकिस्तान व्यापार वार्ता की सराहना भी की.



## आज का इतिहास

- 1689 : फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1722 : फादर्स रैली वार मेन और मैसाचुसेट्स सीमा के साथ आरम्भ हुआ।
- 1759 : युद्ध के दौरान ब्रिटिश सेना ने फ्रांस से फोर्ट नीयाग्रा पर कब्जा कर लिया।
- 1837 : इलेक्ट्रिक टेलिग्राफ के इस्तेमाल का पहली बार सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।
- 1854 : वाल्टर हंट को पहले पेपर शर्ट कॉलर का अमेरिकी पेटेंट हासिल हुआ।
- 1893 : कोरिंथ नहर को औपचारिक खोला था।

# कांग्रेस में सब हैं शादी के घोड़े

## बोले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

- राहुल गांधी के बयान पर किया पलटवार
- किसानों को बताया आप का असली आधार



**वेरावल, 24 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गुजरात के दौरे पर है. इस दौरान उन्होंने वेरावल में एक बड़ी रैली को संबोधित किया, बारिश के बावजूद हजारों किसान और समर्थक इकट्ठा हुए.**

केजरीवाल ने रैली में एएपी विधायक चैतर वसावा की गिरफ्तारी पर निशाना साधा, जिसे उन्होंने बीजेपी की राजनीतिक साजिश बताया. उन्होंने कहा कि वसावा की गिरफ्तारी विसावदर उपचुनाव में एएपी की जीत के बाद की गई है, और भीड़ को जेल के ताले टूटेंगे का नारा लगाकर प्रेरित किया. यह दौरा गुजरात में चल रहे किसान आंदोलन और राजनीतिक तनाव के बीच हुआ, जहां केजरीवाल ने अपनी पार्टी को किसानों के रक्षक के रूप में पेश किया. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के रेस के घोड़े और बारात के घोड़े वाले बयान पर अब आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने निशाना साधा है. केजरीवाल ने गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में सब शादी के घोड़े हैं, जबकि आप वाले सब लंबी रेस के घोड़े हैं.दरअसल, राहुल गांधी ने 3 जून 2025 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बयान दिया था. उन्होंने कहा था कि पार्टी में कुछ कार्यकर्ता पूरी ताकत से काम करते हैं, जबकि कुछ थक चुके हैं. ऐसे में अब समय आ गया है कि रेस के घोड़े और बारात के घोड़े को अलग किया जाए.उन्होंने अपने बयान में यह भी जोड़ा कि पहले वे दो तरह के घोड़ों की बात करते थे.

# रक्षा सहयोग को मजबूत बनाएंगे भारत-इजरायल

**रक्षा सचिव-इजरायल डीजी की बैठक हुई**

**नईदिल्ली, 24 जुलाई .भारत और इजराइल ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक संस्थागत ढांचा विकसित करने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की है.**

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने इज़राइल रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल अमीर बरम के साथ द्विपक्षीय बैठक की. दोनों पक्षों ने दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की. उन्होंने रक्षा संबंधों को और गहरा करने के लिए एक संस्थागत ढांचा विकसित करने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की.रक्षा सचिव ने आतंकवाद के प्रति भारत के शून्य सहिष्णुता के दृष्टिकोण को दोहराया और इज़राइल में अक्टूबर 2023 को हुए आतंकवादी हमलों की निंदा की और सभी बंधकों की रिहाई का आह्वान किया.दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष जुलाई में भारत में आयोजित संयुक्त कार्य समूह की बैठक के बाद रक्षा सहयोग गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की.

बता दें कि दोनों देशों ने जुलाई 2024 में भारत में हुई पिछली संयुक्त कार्य समूह की बैठक के बाद हुए रक्षा सहयोग की समीक्षा भी की. इस दौरे को भारत और इस्राइल रक्षा रिश्तों के लिए एक अहम कदम बताया गया है.



> बयान में कहा गया कि यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. इसके साथ ही भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी इस्राइल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की. मामले में हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि इस बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, एडवांस टेक्नोलॉजी, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और रणनीतिक योजना जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई.


## कब्जा नोटिस

जबकि, **जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ताओं(ओं) को **मांग नोटिस** जारी किया है, जिसमें उधारकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वे नोटिस की प्राप्ति से **60 दिनों** के भीतर संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को ब्याज सहित उक्त नोटिस में उल्लिखित दरों पर चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि पर ब्याज भी अदा करें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45519430001047 45519430002406 और 45519410001742 | श्री हेमन्त कुशवाह, पुत्र. फूल सिंह कुशवाह, 2) श्रीमती रेखा कुशवाह, पत्नी. हेमन्त कुशवाह, 3) श्रीमती पार्वती बाई, पत्नी। फूल सिंह कुशवाह | 19.05.2025 ₹14,62,810.60 (चौदह लाख बासठ हजार आठ सौ दस साठ पैसे मात्र) 12.05.2025 तक | दिनांकः 23.07.2025 समयः दोपहर 12.30 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** वार्ड क्रमांक 51 में स्थित मकान का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 339 वर्ग फुट (36.52 वर्ग मीटर) है, निर्माण सहित, सिकंदर कम्पू, लश्कर, परगना एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में श्री ठाकुर का प्लॉट, पश्चिम में कुशवाह का मकान और दुकान, उत्तर में सड़क और दक्षिण में हीरामन बाबा मंदिर। | | | |
| 2 | 45519430001011 | 1) श्री रावेन्द्र सिंह, पुत्र. जंडेल सिंह, 2) श्रीमती किरण भदोरिया, पत्नी रवीन्द्र सिंह, 3) श्री कुलदीप सिंह भदोरिया, पुत्र. जंडेल सिंह भदोरिया, 4) श्रीमती नीतू सिंह भदोरिया, पत्नी कुलदीप सिंह भदोरिया, 5) श्री सूर्य प्रताप जादौन पुत्र रवींद्र जादौन | 19.05.2025 ₹ 34,24,686.88 (रुपये चौंतीस लाख चौबीस हजार छह सौ छियासी अठासी पैसे मात्र) 12.05.2025 तक | दिनांकः 23.07.2025 समयः दोपहर 02.05 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** लीजहोल्ड भूमि का वह पूरा टुकड़ा जिस पर मकान संख्या GM-680, कुल क्षेत्रफल 141 वर्ग मीटर, मध्य प्रदेश आवास बोर्ड संभाग संख्या 2, ग्वालियर द्वारा आवंटित, पंडित दीनदयाल नगर, वार्ड संख्या 18, तहसील एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित। पूर्व में मकान संख्या GM-681, पश्चिम में मकान संख्या GM-679, उत्तर में प्रस्तावित उच्च-आयातित मकान और दक्षिण में सड़क | | | |

चूंकि, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटर/बंधककर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 25.07.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं /2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालयः प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (एमपी) - 462011।


**पर्व** | काशी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हरियाली से सजा शिवलिंग और परिसर

# हरियाली अमावस्या : प्रकृति व पितरों का पूजन

**काशी, 24 जुलाई. इन दिनों पूरा देश भक्ति और आस्था के रंग में डूबा हुआ है. जहां एक ओर विशाल कांवड़ मेला जारी है और लाखों श्रद्धालु गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और उत्सव का आयोजन किया गया.**

हरियाली अमावस्या पर देश भर के मंदिरों में विशेष पूजा और उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें काशी और हिमाचल प्रदेश के प्रमुख मंदिर भी शामिल रहे. काशी के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद मंदिर में दर्शन और रुद्राभिषेक किया. देहरादून, उत्तराखंड इस साल का कांवड़ मेला-2025 अपने पूरे शबाब पर है. मुख्यमंत्री के अनुसार, इस वर्ष देवभूमि उत्तराखंड ने आस्था और व्यवस्था का एक अद्भुत संगम देखा है, जहां 4.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेने के लिए अब तक पहुँच चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है.



> हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ मंदिर में हरियाली अमावस्या पर शिव पूजा और अभिषेक का आयोजन हुआ. यह प्राचीन मंदिर फूलों और हरियाली से सजाया. मथुरा-वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में फूल बंगला दर्शन का आयोजन हुआ. वहीं उदयपुर में फतेह सागर के किनारे हरियाली अमावस्या मेले की शुरुआत हुई. पंडितों ने बताया कि गुरु पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग का महासंयोग बना है जो पूजा-दान के लिए शुभ है.

# प्रधानमंत्री किसान योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

- सम्मान निधि की अगली किस्तें रोकने के निर्देश

**शाहजहांपुर, 24 जुलाई. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में उत्तर प्रदेश में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है.**

शाहजहांपुर सहित पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पति और पत्नी दोनों एक साथ इस योजना का लाभ उठा रहे थे, जबकि नियमानुसार यह लाभ पति-पत्नी में से किसी एक को ही मिलना चाहिए. सत्यापन के बाद ऐसे सभी अपात्र लाभार्थियों की अंगली किस्तें रोक दी जाएगी. प्रदेश में कुल 5 लाख 53 हजार 749 ऐसे युगल थे जो नियमों के विरुद्ध जाकर दोनों खातों में सम्मान निधि प्राप्त कर रहे थे. इस धोखाधड़ी में प्रतापगढ़ जिला पूरे प्रदेश में सबसे आगे है.

वहीं, बरेली मंडल में बरेली पहले व शाहजहांपुर दूसरे स्थान पर है. जिले में वर्तमान में 4 लाख 15 हजार 624 किसानों को इस योजना का लाभ मिल रहा है. प्रशासन अब इन मामलों की जांच कर रहा है और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अपात्र पाए सभी खातों में सम्मान निधि की अगली किस्त को बंद कर दिया जाएगा.